तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

4 ग्राम पंचायत टांगरघाट में घर-घर कचरा संग्रहण से स्वच्छता की सफल पहल







## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 को

**रायगढ़।** जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 उद्घाटन समारोह का आयोजन 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। वहीं शाम 4.30 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह संपन्न होगा।

### प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 23 को

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के कार्यक्रम तिथियों में निम्नानुसार समयवृद्धि की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 दिसम्बर 2025 से जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में एवं सभी मतदान केन्द्रों में प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा व आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा। नये एवं भावी मतदाता उक्त अवधि के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फार्म.6 भरकर अपने मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर सकते हैए जिसके लिए सभी बूथ लेवल अधिकारियो को पर्याप्त संख्या में फार्म.6, फार्म.7, फार्म.8 प्रदाय कर दिया गया है। कोई भी मतदाता 18 दिसम्बर 2025 तक गणना पत्रक को ऑनलाईन भी भर सकता है, इसके लिए मतदाता को निर्वाचन आयोग की बेबसाईट पर लॉगिन कर अपनी जानकारी के साथ फोटो अपलोड करना होगा। 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने.अपने कार्यालयों में प्राप्त दावा.आपत्तियों का निराकरण एवं सत्यापन की कार्यवाही की जाएगी। 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### बंडामुंडा रेलवे कॉलोनी में बिजली तार की चोरी

**राउरकेला।** बंडामुंडा रेलवे कॉलोनी में बिजली तार चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार तड़के करीब दो बजे चोर गिरोह ने बंडामुंडा सी.सेक्टर क्वार्टर संख्या 98 से डी.सेक्टर क्वार्टर संख्या 148 के बीच लगे बिजली खंभों से लगभग 100 मीटर बिजली का तार काटकर चोरी करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए बिजली खंभों में लगे केबल को काटकर जमीन पर गिरा दिया और उसे लेकर फरार होने ही वाले थे। इसी दौरान आसपास के लोगों की नींद खुल गई। लोगों को बाहर निकलता देख चोर मौके से भाग निकलेए जबकि कटे हुए बिजली तार जमीन पर पड़े मिले। घटना की सूचना तत्काल रेलवे विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा की दृष्टि से जमीन पर पड़े तार को हटाकर नया केबल लगाया, जिसके बाद प्रभावित इलाके में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। विभाग की तत्परता से किसी बड़े हादसे को टाल लिया गया।

### कई आंगनबाड़ी जर्जर भवन में संचालित, कैसे बनेगा प्ले स्कूल जैसा भवन

# किराए के भवन में संचालित हो रही आंगनबाड़ी, खेलना, खाना सब यहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक ओर राज्य शासन के जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूल की तर्ज पर उन्नयन करने तथा आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की तर्ज पर काम कर रही है तो वहीं दूसरी ओर शहर सहित के कई क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों की हालत काफी दयनीय है। ऐसे में आखिर आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूल की तर्ज पर उन्नयन का सपना कैसे पूरा होगा यह सबसे बड़ा सवाल है।

दरअसल आंगनबाड़ी केन्द्रों में ही बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है, लेकिन शहर समेत जिलेभर में कुछ आंगनबाड़ी खुद ही कुपोषित हो गए हैं। जिले के शहरी क्षेत्र की बात करें तो यहां कुल 157 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। इसमें केवल 22 केन्द्र ही ऐसे हैं जो अपने भवन में संचालित हो रहे हैं बाकी सभी किराए के मकान में संचालित हैं। शासन से भवन के लिए 750 रूपए किराए के रूप में मिलते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहरी क्षेत्र में इतनें कम रूपयों में किराए के लिए किस तरह का मकान मिलेगा। कुछ इलाकों में तो भवन इतने छोटे हैं कि वहां एक साथ सभी बच्चों को बैठाया भी नहीं जा सकता। एक ही कमरे में बच्चों को पढ़ाया भी जाता है और गतिविधियां भी उसी कमरे में कराई जाती हैं और तो और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मिलने वाला भोजन भी वहीं बनाया जाता है।




जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए गतिविधियां कराई जा रही है। इस संबंध में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है। जिन केन्द्रों में अव्यवस्था है वहां सुधार किया जा रहा है।

एलआर कच्छप,
डीपीओ, महिला बाल विकास विभाग,
रायगढ़

#### केन्द्र में बच्चे सहायिका के भरोसे

वार्ड क्रमांक 34 में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चे सहायिका के भरोसे रहते हैं। वार्ड के निवासियों ने बताया कि बच्चों को कभी कुछ पढ़ाया ही नहीं जाता है। मैडम आती हैं और कुछ देर में चली जाती हैं। जिससे बच्चे सहायिका के भरोसे केन्द्र में रहते हैं।

#### आंगनबाड़ियों में कमी इसलिए खुल रहे प्ले स्कूल

शहर में प्ले स्कूलों की संख्या में लगातार बढोत्तरी देखने को मिल रही है। हर गली मोहल्लों में प्ले स्कूल खुलते जा रहे हैं। प्ले स्कूलों में भी बच्चों को आंगनबाड़ियों जैसी ही सुविधा मिलती है, वहां भी बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियां ही कराई जाती है। आंगनबाड़ियों की दुर्दशा के कारण ही शहर में प्ले स्कूल की संख्या बढ़ रही है और लोग अपने बच्चों को आंगनबाड़ी के बजाए प्ले स्कूल में भेजना पसंद कर रहे हैं।

#### कुछ केन्द्रों में बच्चे आते ही नहीं

शहर के कुछ आंगनबाड़ी केन्द्रों की दुर्दशा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वहां बच्चे आते ही नहीं हैं। वार्ड क्रमांक 35 में संचालित होने वाली आंगनबाड़ी एक छोटे से कमरे में संचालित होती है। वहां बच्चों के खेलने के लिए ना तो कोई खिलौने हैं और ना ही कोई अन्य सुविधा उपलब्ध है। बच्चों को पढाने के नाम पर केवल एक चार्ट टंगा हुआ है। आंगनबाड़ी सहायिका ने बताया कि यहां बच्चों की संख्या कम है, जो दर्ज हैं उतने कभी आते ही नहीं।

#### जगह ही नहीं तो कैसे होगी शारीरिक

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खिलौने और अन्य गतिविधियों के लिए उपकरण भेजे जाते है, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब आंगनबाड़ी केन्द्रों में जगह ही नहीं है तो इन उपकरणों का प्रयोग बच्चे कैसे करेंगे। जब बच्चों के खेलने के लिए जगह ही नहीं है तो उनका शारीरिक विकास कैसे संभव होगा।




## आरपीएफ हेड कांस्टेबल की हत्या मामले में जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में आरपीएफ हेड कांस्टेबल की हत्या मामले की विभागीय जांच भी शुरू हो गई है। जांच पूरी होने के बाद इसकी रिपोर्ट आएगी। इस मर्डर केस के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। हेड कांस्टेबल को गोली उसके ही साथी आरपीएफ जवान ने मारी थी।

घटना के बाद रेलवे ने विभागीय जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है। इस टीम में रायपुर के डीएसई (डिविजनल सिक्योरिटी कमिश्नर) हेडक्वार्टर और नागपुर के एसई रैंक के अधिकारी शामिल हैं। टीम रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां टीम ने मामले की जानकारी ली और जांच शुरू की। रायगढ़ का दौरा पूरा करने के बाद टीम लौट गई है। अब आगे की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे उच्च अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

#### यह है पूरा मामला

दरअसल 3 दिसंबर की सुबह रायगढ़ रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट में ड्यूटी के दौरान हेड कांस्टेबल पीके मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह गोली उनके ही साथी केएस लादेर ने चलाई थी। सुबह जब अन्य जवानों को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने रेलवे के उच्च अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद बिलासपुर से रेलवे के आईजीए एसपी और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। इस मामले में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जांच टीम में एक डीएसई और दो एसई रैंक के अधिकारी शामिल हैं। टीम रायगढ़ का दौरा कर वापस जा चुकी है। जांच रिपोर्ट कब तक आएगी यह फैसला उच्च अधिकारी करेंगे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

## युवक की फांसी पर लटकी मिली थी लाश परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की फांसी पर लटकी हुई लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। अब मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए एसपी को ज्ञापन सौंपा है और मामले की सही तरीके से जांच करने की मांग की है।

दरअसल ग्राम बांसदांड की रहने वाली ललिता बेहरा ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बताया कि उनके बेटे अमित बेहरा का पिछले दो साल से लैलूंगा की एक युवती से अफेयर चल रहा था। अफेयर के दौरान युवती गर्भवती हो गई थी। इसी कारण अमित उससे मिलने कई बार जाता था। 17 नवंबर को अमित दोपहर करीब ढाई बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद उसकी मां ललिता ने लैलूंगा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 24 नवंबर को अमित की लाश फांसी पर लटकी हुई मिली। ललिता ने आशंका जताई है कि युवती और उसके घर वालों ने कई दिनों तक अमित को प्रताड़ित किया और बाद में उसे जहर देकर मारने के बाद उसे फांसी पर लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया। ललिता ने बताया कि अमित को पेड़ पर चढ़ने भी नहीं आता था। हत्या की आशंका जताते हुए अमित के परिजनों ने एसपी से मामले में उचित जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

- पीड़ित परिजनों ने एसपी को ज्ञापन सौंप लगाई न्याय की गुहार

## कब्जाधारियों ने नहीं छोड़ी श्मशान की जमीन, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- गांव की जमीन को मुक्त कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिले में कब्जाधारियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्होंने ना सिर्फ शासकीय भूमि पर कब्जा किया बल्कि कब्जा कर उसे निजी लोगों के हाथों में बेचा भी जा रहा है। जिले के कई इलाकों में शासकीय भूमि पर कब्जा करने की शिकायतें लगभग हर रोज आती है। इसी क्रम में जिले के ग्राम रेगड़ा के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर से उनके गांव में शासकीय भूमि पर हो रहे कब्जा को लेकर शिकायत की और आवेदन के जरिए उन्होंने कलेक्टर से गांव की जमीन को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

ग्राम रेगड़ा के ग्रामीणों ने सरपंच के साथ कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया कि उनके गांव की शासकीय जमीन पर शासकीय कार्य के लिए भवन निर्माण, स्कूल निर्माण और अन्य गांव के विकास संबंधी निर्माण किये जाने थे, उस पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कब्जाधारियों के द्वारा उनके गांव के श्मशान की भूमि भी नहीं छोड़ी गई है। इसके साथ ही उन्होंने गांव के सामुदायिक भवन, ग्रामीणों के आने जाने का रास्ता, खेल मैदान और नदी किनारे का जगह भी कब्जा कर लिया गया है। कब्जाधारियों ने ना सिर्फ जमीन पर कब्जा किया है बल्कि उसे अन्य व्यक्तियों को बेच भी रहे हैं। इसलिए कलेक्टर को शिकायत करते हुए गांव की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की गई है।



## ओडिशा से भटका हाथी पहुंचा जामगांव, मचा हड़कंप

**वन अमला हाथी के लोकेशन पर रख रहा नजर**



**रायगढ़।** जिले में ओडिशा से भटकते हुए एक दंतैल हाथी जामगांव के जंगल में पहुंच गया है। वन अमले को जानकारी मिलने के बाद लगातार उसके लोकेशन पर नजर रखी जा रही है। मामला रायगढ़ वन परिक्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार बीती रात को एक हाथी टारपाली, पतरापाली, कारीछापर, कुकुर्दा होते हुए ओडिशा के जंगल पहुंचा, जहां वह किसी तालाब में गिर गया था। ओडिशा की वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। उसी दिन एक मादा हाथी व शावक कोतरलिया रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गए। चिंघाड़ की आवाज सुनकर जब लोगों को इसकी जानकारी हुई, तो ग्रामीणों के बीच डर का माहौल हो गया, लेकिन मादा हाथी और शावक वापस ओडिशा के धनुबांस के जंगल में लौट गए और शाम ढलने के बाद दंतैल हाथी ओडिशा से वापस कुकुर्दा के रास्ते से जामगांव सर्किल में आ गया। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 5 बजे कुकुर्दा और महापल्ली के बीच उसने रोड क्रॉस किया, जिसे फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी ने देखा। अभी हाथी की मौजूदगी जामगांव जंगल में ही है। जामगांव सर्किल के महापल्ली क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी नहीं होती है। ऐसे में जिला मुख्यालय से महज 10 किमी दूरी में जब हाथी आने की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उनके बीच भय का माहौल निर्मित हो गया। हांलाकि हाथी ने किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन विभाग की मानें तो हाथी का ट्रैकिंग करने पर जानकारी मिली कि अभी वह कुकुर्दा व महापल्ली के बीच जंगल में है। लगातार उसका लोकेशन ट्रेस किया जा रहा है। आसपास गांव में सुरक्षा के लिहाज से मुनादी कराई गई है और लोगों को समझाइश दी जा रही है कि जंगल की ओर न जाएं।

### बीएलओ की गलती का खामियाजा भुगत रहे वृध्द दंपती, नाम जुड़वाने काट रहे चक्कर

# दंपती गए थे काम पर, कट गया वोटर आईडी से नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीएलओ की गलती की वजह से बुजुर्ग दंपती का नाम वोटर आईडी से काट दिया गया है, जिसकी वजह से अब दंपती को अपना नाम जुड़वाने व नाम कटने का कारण जानने के लिए विभागों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

पूरा मामला रायगढ़ जिले के वार्ड क्रमांक 25 के कौहाकुण्डा क्षेत्र का है, जहां के निवासी तेजपाल सिंह सिदार ने बताया कि वे विगत 40 सालों से कौहाकुण्डा में निवासरत हैं। उनका वोटर आईडी भी इसी क्षेत्र में है और उन्होंने कई चुनावों में वोट भी डाला है। इसके बाद भी उनका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है, जिसकी वजह से उन्हें अब विभागों का चक्कर काटना पड़ रहा है। वृध्द तेजपाल सिंह ने बताया कि उनका वोटर नाम कटने के लिए बीएलओ जिम्मेदार है।



दरअसल तेजपाल सिंह सिदार व उनकी पत्नी मजदूरी का काम करते हैं और हर रोज सुबह काम पर निकल जाते हैं और शाम 6 बजे के बाद घर वापस आते हैं। ऐसे में एसआईआर का फॉर्म देने जब बीएलओ उनके घर पहुंची तो वे उन्हें घर पर नहीं मिल पाते थे, दो तीन बार के प्रक्रिया के बाद बीएलओ ने पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर उनको एब्सेंट के श्रेणी में डाल दिया जिसकी वजह से उनका नाम कट गया।

तेजपाल सिंह सिदार ने जब अपने वोटर आईडी की जानकारी के लिए तहसील पहुंचे तब उन्हें बताया गया कि उनका और उनकी पत्नी का नाम कट चुका है और उन्हें नया वोटर आईडी बनाने के लिए फॉर्म दिया गया। एक ओर जहां प्रशासन एसआईआर में शत्प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाने का दावा कर रहा है वहीं दूसरी ओर बीएलओ की ऐसी गलतियां प्रशासन के तमाम दावों पर पानी फेर रही है। जिले में ऐसे कई और केसेस मिलने की भी संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है।

#### नाम जोड़ा जाएगा

दंपती के वोटर आईडी कटने की शिकायत मिली है। अभी लिस्ट फाइनल नहीं हुआ है, ऐसे में बीएलओ के माध्यम से फिर से उनका फॉर्म भरवा कर उनका नाम जोड़ा जाएगा।

डॉ प्रियंका वर्मा
अपर कलेक्टर

### डीज़ल कॉलोनी में गहराया पेयजल संकट

**राउरकेला।** बंडामुंडा डीज़ल कॉलोनी में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। कॉलोनी स्थित माता मंदिर के पास लगा हैंड पंप लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है, जिससे आसपास के रेलवे क्वार्टरों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैंड पंप के पूरी तरह अचल हो जाने के कारण स्थानीय परिवारों को पीने के पानी के लिए दूर दराज के इलाकों में लगे अन्य हैंड पंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पानी लाने के लिए महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को रोजाना काफी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी दिनचर्या और आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय पानी जुटाने के लिए लोगों को लंबी कतारों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।


## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

### सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने ठंड में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**राउरकेला।** शहर में भाजपा मिड टाउन मंडल ने ठंड में जरूरतमंदों की मदद के लिए मिडनाइट सेवा अभियान चलाया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष ने किया। सोमवार की रात 12 बजे टीम मंगल भवन से बिसरा चौक तक शहर की परिक्रमा करते हुए सड़क किनारे ठंड से कांप रहे गरीब और बेसहारा लोगों को कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान जरूरतमंदों के लिए ठंड में तत्काल राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा मिड टाउन मंडल की टीम रात के समय भी लोगों की मदद के लिए सक्रिय रहेगी और समाज सेवा को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। इस सेवा कार्य में टाउन मंडल अध्यक्ष व गोपबंधुपाली मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव सहित कई पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। प्रथम दिन अभियान के दौरान ठंड से कांप रहे दो दर्जन लोगों को कंबल प्रदान किए गए। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देती हैं। मंडल ने यह सेवा आगे भी नियमित रूप से जारी रखने की योजना बनाई है।

### केंद्रीय विद्यालय का वार्षिक उत्सव संपन्न

**राउरकेला।** पीएम केंद्रीय विद्यालय बंडामुंडा में केंद्रीय विद्यालय संगठन केवीएस का 62वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक खेलकूद समारोह 2025 अत्यंत उत्साह गरिमा और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष एवं बंडामुंडा रेलवे डीज़ल शेड के सीनियर डीएमई जेके पात्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं धावक प्रतीक महाराणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के पूर्व टीजीटी हिन्दी शिक्षक राजकिशोर अग्रवाल की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जेके पात्र ने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा केंद्रीय विद्यालयों की शैक्षिक भूमिका की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्या हेमलता नायक ने स्वागत भाषण में केंद्रीय विद्यालय संगठन की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों, एरोबिक्स, नृत्य प्रस्तुतियों एवं आकर्षक पिरामिड संरचनाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### केंद्र में दूसरे किसान का धान खपाने की कोशिश

**रायगढ़।** जिले के बंगुरसिया धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के दौरान शासन के निर्देशों के उल्लंघन का मामला सामने आने पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। एक किसान द्वारा दूसरे किसान का धान अपने नाम से विक्रय करने के प्रयास पर लगभग 162 क्विं धान जप्त किए गए हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि धान उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, फर्जीवाड़ा या दलाली को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केंद्रों में वास्तविक किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, साथ ही अवैध रूप से धान खपाने वालों पर निरंतर निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि बंगुरसिया निवासी किसान भरत साव द्वारा निर्धारित टोकन के माध्यम से धान विक्रय हेतु उपार्जन केंद्र लाया गया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित किसान द्वारा स्वयं के रकबे का धान न लाकर किसी अन्य किसान का धान प्रस्तुत किया गयाए जो धान उपार्जन नियमों एवं शासन के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन है। शिकायत प्राप्त होते ही फूड इंस्पेक्टर अंजनी राव एवं सिदार द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर जांच की गई।

**लोधमा में धर्म रक्षा और हिन्दू एकता का दिया गया संदेश**

**धर्मांतरण और जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक रहना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्यः वर्मा**

# धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष, त्याग करना इतिहास हमें यही सिखाता हैः जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा जोकरी मंडल के लोधमा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी भाई बहन माताएं और बुजुर्गों की सहभागिता रही इस विशाल हिन्दू सम्मेलन का माहौल पूरी तरह धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता से ओतप्रोत रहा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कवर्धा से आए संघ पदाधिकारी चंद्रशेखर वर्मा रहे वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ संचालक राजीव रत्न नन्दे ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती सरपंच सीतामुनी सहित आसपास के अनेक ग्रामों से आए धर्मप्रेमी जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान धर्म संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से जुड़े नारों से वातावरण गूंजता रहा कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक संकल्प और समाज को जागरूक रखने के संदेश के साथ हुआ। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर वर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि आज हमारा समाज बंटा हुआ दिखाई देता है इसे एकजुट रखना हम सभी का दायित्व है,हिन्दू समाज को संगठित रखते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करनी होगी उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ साथ समाज को भी सशक्त बनाना आवश्यक है धर्मांतरण और जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक रहना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है उन्होंने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि आसपास सतर्क नजर रखें और कहीं भी अधर्म की गतिविधि दिखे तो उसका विरोध करें धर्म की रक्षा ही प्रत्येक सनातनी का परम धर्म है



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।





### स्व. दिलीप सिंह ने समाज के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया

मुख्य अतिथि विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष आवश्यक है इतिहास गवाह है कि धर्म की रक्षा के लिए त्याग करना पड़ता है उन्होंने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने महल का सुख त्याग कर गांव गांव जाकर धर्म और हिन्दू समाज की रक्षा का संकल्प लिया और अपना सर्वस्व समाज को समर्पित कर दिया। उन्होंने भगवान राम का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम ने भी धर्म की मर्यादा के लिए महल त्याग कर वनवासियों के बीच जीवन बिताया असंख्य कष्ट सहे लेकिन कभी धर्म मार्ग से विचलित नहीं हुए संघर्ष के बाद ही वे मर्यादा पुरुषोत्तम बने उन्होंने कहा कि आज हम सबको उसी मार्ग पर चलते हुए हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए सदैव एकजुट रहना होगा। अपने वक्तव्य में विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता में है जब तक हम संगठित रहेंगे तब तक कोई भी शक्ति हमारी संस्कृति और आस्था को कमजोर नहीं कर सकती आज का यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं बल्कि चेतना का जागरण है उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे धर्म संस्कृति और राष्ट्र के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाएं।

**कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं**

# जनदर्शन के प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनदर्शन आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है, जिसमें प्राप्त प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जनदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुआवजा प्रकरण, अतिक्रमण हटाने, सहायक उपकरण उपलब्ध करानेए किसान पंजीयन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

> ■ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

### धान विक्रय के लिए वारिसान पंजीयन की मांग

ग्राम कछार के माधव राठिया ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि किसान एतवार सिंह का 27 अक्टूबर को निधन हो गया है। उन्होंने मृतक किसान के वारिसानों का धान विक्रय के लिए पंजीयन कराए जाने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण का परीक्षण कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम.डीपापारा के सरपंच ने अवगत कराया कि ग्राम में अमृत सरोवर निर्माण कार्य के गहरीकरण हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, किंतु अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की मांग रखी। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य में विलंब के कारणों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम सुकुल भठली की योगेश्वरी प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास का लाभ दिलाए जाने हेतु आवेदन सौंपा। कलेक्टर ने प्रकरण की जांच कर पात्रता के आधार पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य आवेदकों ने भी विभिन्न व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं, योजनाओं के लाभ, प्रशासनिक विषयों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर हर संभव निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

# रबी उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उद्यानिकी फसल उत्पादक किसानों के लिए शासन की अधिसूचना के साथ वर्ष 2025-26 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना राज्य में लागू कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत रबी मौसम की प्रमुख उद्यानिकी फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज को शामिल किया गया है। रायगढ़ जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी किसान 31 दिसम्बर 2025 तक लोक सेवा केंद्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति अथवा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कंपनी के जिला स्तरीय प्रतिनिधि संजीव कुमार साहू, मोबा नंबर 7489601443 से भी किसान सीधे संपर्क कर सकते हैं।

> ■ 31 दिसम्बर तक किसान करा सकेंगे फसलों का बीमा

सहायक संचालक उद्यान रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना में शामिल होने के लिए अऋणी कृषकों भूधारक एवं बटाईदारद्ध को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों के बीमा के लिए किसानों को निर्धारित बीमित राशि का केवल 5 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष राशि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो ऋणी किसान योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें बीमा आवेदन की अंतिम तिथि से सात दिवस पूर्व संबंधित बैंक में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा में घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा रबी मौसम के लिए स्वीकृत या नवीनीकृत अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इस योजना के तहत किसानों को तापमान में अत्यधिक उतार चढ़ाव, कम या अधिक वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधि अनुकूल मौसम, ओलावृष्टि, चक्रवाती हवाएं एवं हवा की गति जैसी प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान पर बीमा लाभ मिलेगा। रबी मौसम में ओलावृष्टि अथवा चक्रवाती हवाओं से फसल क्षति की स्थिति में किसान 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर सूचना दे सकते हैं अथवा लिखित रूप में संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी या कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को अवगत करा सकते हैं। उद्यान विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर फसल बीमा कराकर प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से स्वयं को सुरक्षित करें। कृषक लगाए गए फसल का केवल एक बार ही बीमा आच्छादन का लाभ ले सकता है। एक रकबे को एक से अधिक बार बीमा होने की स्थिति मे बीमा कम्पनी द्वारा ऐसे सभी दावो को निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक उद्यान, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### फसल बीमा के लिए संपर्क अधिकारी नियुक्त

फसल बीमा कराने के लिए कृषक अपने अपने विकासखण्ड स्तर पर संबंधित उद्यान अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अंतर्गत विकासखण्ड घरघोड़ा में अरविंद पैंकरा मो 7828124106, लैलूंगा में श्रीमती कविता पैंकरा मो 7694022446, तमनार में संजय भगत मो. 9617774178, खरसिया में जयकिशन भारद्वाज मो. 9977279570, पुसौर में भूवनेश्वर बरेठ मो. 799140231 तथा विकासखण्ड रायगढ़ में सूरजभान सिंह सिदार मो. 9406256367 से संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

# आनंद के साथ मनाया जाएगा झरझरा उत्सव

**राजगांगपुर।** चार दिवसीय राजगांगपुर झरझरा महोत्सव का शुभारंभ आगामी 19 दिसंबर को भव्य मशाल शोभायात्रा के साथ शुरु किया जाएगा। इसे लेकर झरझरा महोत्सव कार्यालय में महासचिव अशोक दास के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें महोत्सव की तैयारियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी मीडिया को दी गई।

प्रेस को संबोधित करते हुए महोत्सव अध्यक्ष आनंद अग्रवाल पप्पू भाईद्ध ने कहा कि झरझरा महोत्सव केवल एक आयोजन नहींए बल्कि जन जन का महोत्सव है। उन्होंने सभी वर्गों से इस उत्सव को उत्साह, सौहार्द और एकता के साथ सामूहिक रूप से मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक, सामाजिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेंगे। प्रेस वार्ता का संचालन महासचिव अशोक दास ने किया। उन्होंने महोत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा आयोजन से जुड़ी रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि समिति द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं, ताकि महोत्सव को भव्य और यादगार बनाया जा सके। इस अवसर पर महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव अजय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन गड़ोदिया, मोहन अग्रवाल, कुलदीप सिंह सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।




**उत्साह व एकता के साथ झरझरा मनाने का आह्वान**

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 से 23 दिसम्बर तक

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रायगढ़ जिले में रविवार 21 दिसम्बर से किया जाएगा, जो 23 दिसम्बर तक चलेगा। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 लाख 79 हजार 959 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1306 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसम्बर को सुबह जिला एवं विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा।

अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगीए जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण दलों द्वारा घर घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा चुकी हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसम्बर रविवार को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद अवश्य पिलाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

## एनसीपी ओडिशा अध्यक्ष डॉ. राज कुमार ने की पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा से भेंट

**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी अजित पवार गुट के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राज कुमार यादव ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल सेक्युलर के संस्थापक एचडी देवेगौड़ा से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें राष्ट्रीय राजनीति, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गहन और सार्थक चर्चा हुई।

> ■ सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और भविष्य की रणनीतियों पर सार्थक विचार विमर्श

भेंट के दौरान डॉ. यादव ने देवेगौड़ा के समृद्ध राजनीतिक अनुभव, सिद्धांतनिष्ठ नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन सादगी, संघर्ष और जनहित को समर्पित रहा है, जो आज की राजनीति के लिए आदर्श है। मुलाकात में दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय राजनीति की वर्तमान परिस्थितियों, संघीय ढांचे में क्षेत्रीय दलों की भूमिका, किसानों, दलितों, आदिवासियों और मजदूर वर्ग की समस्याओं, सामाजिक न्याय तथा समावेशी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। विशेष रूप से ओडिशा के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, ग्रामीण सशक्तिकरण और वंचित वर्गों के अधिकारों पर भी चर्चा हुई। डॉ. यादव ने बताया कि यह संवाद उनके लिए वैचारिक रूप से अत्यंत लाभकारी रहा और इससे भविष्य की राजनीतिक रणनीतियों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने देवेगौड़ा को ओडिशा में आने का औपचारिक निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार करने का आश्वासन दिया। यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ साथ सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में भी एक सार्थक पहल मानी जा रही है।

**102 माध्यमिक शालाओं के 145 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण, नवीन पाठ्यपुस्तकों पर दिया गया विशेष जोर**

# नई शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में विकासखंड रायगढ़ में माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 8 से 12 दिसंबर तक माध्यमिक शाला जुर्ड़ा एवं प्राथमिक शाला ननसिया को प्रशिक्षण केंद्र बनाकर आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव के निर्देशन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार की गई नवीन एवं अनुकूलित पाठ्यपुस्तकों पर आधारित अध्यापन विधियों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड रायगढ़ की 102 माध्यमिक शालाओं के 145 शिक्षकों ने सहभागिता की। इस दौरान संस्कृत, अंग्रेजी, सामाजिक अध्ययन एवं विज्ञान विषयों में नवीन पाठ्यपुस्तकों के अनुरूप प्रभावी एवं गतिविधि आधारित अध्यापन तकनीकों की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट धरमजयगढ़ से चयनित एवं प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा संचालित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने पाठ्यपुस्तकों में निहित प्रावधानों, अपेक्षित दक्षताओं, अधिगम परिणामों तथा गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण को रोचक एवं प्रभावी बनाने हेतु वीडियो एवं प्रोजेक्टर का व्यापक उपयोग किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाईट धरमजयगढ़ के प्राचार्य अनिल पैंकरा ने अपनी टीम के साथ दोनों प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था, विषयवस्तु एवं शिक्षण गुणवत्ता का अवलोकन कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा प्रशिक्षण को संतोषजनक एवं उत्कृष्ट बताया। समापन अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचार आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा करते हुए शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी एवं कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकें लागू की गई हैं, जिन्हें नई शिक्षा नीति 2020 एवं एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया है। कक्षा छठवीं में जहां पूर्व में 6 विषय थे, वहीं अब विद्यार्थियों को 9 पुस्तकों का अध्ययन करना होगा। नई नीति के अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण एवं रोजगारोन्मुख विकास को ध्यान में रखते हुए कौशल विकासए खेल शिक्षा, शारीरिक शिक्षा एवं योग से संबंधित अतिरिक्त पुस्तकों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। साथ ही पाठ्यपुस्तकों का स्वरूप अधिक तर्कसंगत, गतिविधि आधारित एवं व्यावहारिक बनाया गया है। प्रशिक्षण उपरांत शिक्षकों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी बताया। शिक्षकों के अनुसार प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन पाठ्यपुस्तकों के अध्यापन में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों का समाधान हुआ है। इस सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में चेतन चौधरी, मनोज गुप्ता, खगेश्वर साहू सहित सभी मास्टर ट्रेनर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### उड़नदस्ता ने 4 पिकअप वाहन 385 बोरी धान किया जब्त

**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम फरसाबहार के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता दल ने आज औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पिकअप वाहनों को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, औचक निरीक्षण के दौरान पकड़े गए चारों पिकअप वाहनों में 385 बोरी तक धान अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान संबंधित वाहनों के पास धान परिवहन से संबंधित आवश्यक वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार थामेश्वर राठिया एवं खाद्य निरीक्षक पुष्पेंद्र पटेल सहित उड़नदस्ता दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# मुझसे एक्टिंग नहीं होती, रोता हूं तो लोग मुझ पर हंसते हैं : सलमान

**मुंबई।** सलमान खान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मजमा ही लूट लिया। फेस्टिवल में सलमान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि उन्हें एक्टिंग नहीं आती है। और अगर वह रोते हैं तो लोग उन पर हंसने लगते हैं। सलमान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टारडम और शोहरत के बारे में बात करने के बजाय कमियों पर बात की। सलमान खान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि वह खुद को एक महान कलाकार नहीं मानते। यहां तक कि उन्हें लगता है कि लोग स्क्रीन पर उनके रोने पर भी हंसते हैं। लेकिन वहां मौजूद लोगों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने असहमति जताई। हालांकि, सलमान की ईमानदारी पर सब फिदा हो गए।

लाइफ Style



# कृति

## मैं कुछ मजेदार और ताजा करना चाहती थी

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति सेनन इन दिनों 'कॉकटेल 2' की शूटिंग कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने इस फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए हैं। कृति सेनन मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की लीडिंग एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं।


उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में'ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ऊपर की कमाई की। अब अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्सों को साझा किया। साथ ही अपने साथी कलाकारों शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना को लेकर भी बात की। एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है। मुझे लगता है कि कभी-कभी जीवन में जो कुछ भी होता है, उसके पीछे कोई न कोई कारण होता है। 'तेरे इश्क में' एक इंटेंस और इमोशनली थका देने वाली फिल्म थी। मुझे लगता है कि मैं तुरंत कोई और इंटेंस फिल्म नहीं कर सकती थी। मुझमें वह क्षमता नहीं थी। मैं पूरी तरह से थक चुकी थी। मैं कुछ मजेदार, ताजा, कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मैंने पहले कभी नहीं किया हो, कुछ ऐसा जिसका मैं आनंद ले सकूं। कृति ने कहा कि 'कॉकटेल 2' बिल्कुल सही समय पर बनी, मुझे इसकी बहुत चाह थी। मैं एक नई, शहरी और मजेदार रोमांटिक कॉमेडी में काम करना चाहती थी। यह बहुत मजेदार रहा है, हमने लगभग दो बड़े शेड्यूल शूट कर लिए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भानुशाली के साथ मिलकर बनाएंगे फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच एक और बड़ी क्रिएटिव साझेदारी की सुगबुगाहट ने फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। एक्शन और भव्यता के लिए मशहूर हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे अब भारतीय प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली के साथ मिलकर एक नई फिल्म पर काम करने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्देशन एंथनी डिसूजा करेंगे, जबकि संगीत की कमान भारत के संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान के हाथों में होगी। माइकल बे को दुनियाभर में बैड बॉयज़, आर्मगेडन, पर्ल हार्बर और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है।




# रोमांटिक से लेकर थ्रिलर ड्रामा तक में जमाया था रंग

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड डायरेक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी अपने घर में मृत पाए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की हत्या हुई है। रॉब रेनर हॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर और एक्टर थे। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 6 मार्च, 1947 को रॉब का जन्म एक यहूदी परिवार में हुआ। पिता कॉर्ल रेनर एक मशहूर एक्टर, कॉमेडियन थे। पिता के कारण ही उनका रुझान भी फिल्मों की तरफ हुआ। रॉब रेनर ने अपने करियर में कई हिट फिल्में बनाईं। एक फिल्म तो ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी हुई। रॉब रेनर ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक्टिंग से की थी। उन्हें टीवी सीरियल ऑल इन द फैमिली से पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद उन्होंने डायरेक्शन में कदम रखा। दिस इज स्पाइनल टैप, स्टैंड बाय मी, द प्रिंसेस ब्राइड, व्हेन हैरी मेट सैली, मिजरी, ए फ्यू गुड मैन जैसी हिट फिल्मों का डायरेक्शन किया।



# पति और बेटी के साथ बिताए खास पल

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। यही कारण है कि वो काम के सिलसिले में अक्सर भारत भी आती रहती हैं। साथ ही अमेरिका में अपने घर पर भी टाइम बिताती हैं। अब अभिनेत्री ने घर पर पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इनके साथ ही एक्ट्रेस ने ये बताया है कि घर पर बिताए पल वाकई खास ही होते हैं। प्रियंका ने सोमवार सुबह अपने इंस्टाग्राम पर परिवार के साथ घर पर बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इन तस्वीरों में निक और प्रियंका के प्यार से लेकर मालती के साथ मां की ममता तक देखने को मिलती है। एक तस्वीर में प्रियंका निक की बाहों में आराम से लेटी हुई हैं, जबकि दूसरी में निक उन्हें प्यार से चूमते हुए नजर आ रहे हैं। इस जोड़े को घर पर कैंडललाइट डिनर का आनंद लेते हुए भी देखा जा सकता है।



# तस्कर में इमरान-शरद निभाएंगे भूमिका

**मुंबई।** इमरान हाशमी अब एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब'। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सीरीज की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीरीज की शूटिंग के दौरान की झलक देखने को मिलती है। जिसमें निर्देशक नीरज पांडे डायरेक्शन करते नजर आते हैं। साथ ही इमरान हाशमी और शरद केलकर समेत सीरीज की स्टारकास्ट अलग-अलग सीन में नजर आती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि यह सीरीज एक्शन-सस्पेंस-थ्रिलर होने वाली है। अनाउंसमेंट वीडियो में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। जबकि शरद केलकर अलग-अलग अंदाज में दिखते हैं। फिलहाल अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

टीवी मसाला



# 20 से आएगा द ग्रेट इंडियन कपिल शो का चौथा सीजन

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा एक बार फिर लौट रहे हैं अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ। ये नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। शो की शूटिंग से जुड़ी चर्चाएं पहले से ही चल रही थीं। लेकिन. अब ये भी साफ हो गया कि शो का पहला गेस्ट कौन होगा। सोमवार को नेटफ्लिक्स की ओर से इंस्टाग्राम पर शो को लेकर एक पोस्ट की गई। जिसमें ये स्पष्ट किया गया कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ये भी बता दिया कि शो का पहला गेस्ट कोई और नहीं बल्कि 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा होंगी। प्रियंका चोपड़ा और कपिल का एक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'जब देसी गर्ल आती हैं, तो माहौल बेहद मजेदार हो जाता है। प्रियंका चोपड़ा द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन के प्रीमियर एपिसोड में शामिल होंगी। पिछले दिनों प्रियंका चोपड़ा 12 घंटों से भी कम के लिए मुंबई आई थीं। इस दौरान वो सिर्फ कपिल शर्मा के शो के लिए ही स्वदेश वापस आई थीं। प्रियंका शो की शूटिंग करके तुरंत ही अमेरिका वापस लौट गई थीं। उस वक्त शूटिंग के दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें कपिल ने बड़े ही जोरदार अंदाज में प्रियंका का अपने सेट पर स्वागत किया था। इसके बाद शो में जज के तौर पर नजर आने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने भी प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी तस्वीरें साझा की थीं।

## टीचर ने केबीसी में बिग बी को करवाया योग

**नई दिल्ली।** झीलों की नगरी उदयपुर की योगा टीचर प्रतिभा सिंह ने लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में अपनी उपस्थिति से खास पहचान बनाई।




प्रतिभा ने ज्ञान, आत्मविश्वास और योग के माध्यम से शो में एक यादगार क्षण रचते हुए साढ़े सात लाख रुपए की राशि जीती। इसी दौरान उन्होंने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को योग से जुड़े अभ्यास भी करवाए, जिसने इस एपिसोड को दर्शकों के लिए खास बना दिया। पेशे से योग शिक्षिका प्रतिभा सिंह ने शो के दौरान बिग बी को भ्रामरी प्राणायाम और ताड़ासन की योग क्रियाएं करवाईं। अमिताभ बच्चन ने भी पूरे उत्साह के साथ इन योग क्रियाओं को किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और यह क्षण सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना। प्रतिभा सिंह ने बताया कि उनका चयन केबीसी में भीम यूपीआई के माध्यम से हुआ था। चयन के बाद वे मुंबई पहुंचीं, जहां शो की रिकॉर्डिंग के दौरान उनके साथ पति सुमित जैन, माता बीना सिंह और सास पवन जैन भी मौजूद रहीं।

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज देंगी दस्तक

*नई दिल्ली। दिसंबर का तीसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए खास होने वाला है। 15 से 21 दिसंबर के बीच अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी फिल्में और वेब सीरीज आ रही हैं, जो रोमांस, थ्रिलर, कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और ड्रामा- हर तरह के दर्शकों का मूड सेट कर देंगी। साल के आखिरी दिनों में घर बैठे बिंज-वॉच का प्लान बना रहे हैं, तो ये लिस्ट आपके लिए परफेक्ट है।*

***मिसेज देशपांडे** : सबसे ज्यादा चर्चा में है माधुरी दीक्षित की नई सीरीज 'मिसेज देशपांडे'। इस रहस्यमयी थ्रिलर में माधुरी एक ऐसे किरदार में दिखेंगी, जो पहले एक सीरियल किलर रह चुकी है और वर्षों जेल में काट चुकी है। कहानी तब नया मोड़ लेती है, जब पुलिस एक नए केस को सुलझाने के लिए उसी महिला की मदद मांगती है, जिसके अपराधों की छाया आज भी सिस्टम पर है। यह सीरीज सस्पेंस पसंद करने वालों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। ये सीरीज जियोहॉटस्टार पर शुक्रवार यानी 19 दिसंबर को रिलीज हो रही है।*

***एमिली इन पेरिस** : वहीं, ग्लैमर और हल्के-फुल्के रोमांस के शौकीनों के लिए 'एमिली इन पेरिस' नए सीजन के साथ लौट रही है। इस बार एमिली की जिंदगी पेरिस से आगे बढ़कर रोम पहुंचती है, जहां करियर की नई जिम्मेदारियां, नए लोग और प्यार की*



*उलझनें उसकी राह आसान नहीं रहने देतीं। फैशन, फन और फील-गुड ड्रामा एक बार फिर दर्शकों को बांधे रखने वाला है। नेटफ्लिक्स पर ये सीरीज गुरुवार को रिलीज हो रही है।*

***रात अकेली है** : थ्रिलर की बात करें तो 'रात अकेली है' एक बार फिर दर्शकों को छोटे शहर की अंधेरी गलियों में ले जाएगी। एक रहस्यमयी मौत, कई संदिग्ध और एक ईमानदार पुलिस अफसर—कहानी धीरे-धीरे परतें खोलती है और आखिर तक रोमांच बनाए रखती है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।*

***फोर मोर शॉट्स प्लीज 4** : महिला दोस्ती और लाइफ स्ट्रगल्स पर आधारित 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का आखिरी सीजन भी इसी हफ्ते रिलीज हो रहा है। चार दोस्तों की यह कहानी करियर, रिश्तों और पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां हंसी के साथ इमोशंस का तड़का भी मिलेगा। ये सीरीज अमेजन पर 19 दिसंबर पर स्ट्रीम होने वाली है।*

***फॉलआउट सीजन 2** : साइंस-फिक्शन फैंस के लिए फॉलआउट का दूसरा सीजन तैयार है। न्यूक्लियर तबाही के बाद बचे लोगों की जद्दोजहद, रहस्यमयी वॉल्ट्स और खतरनाक दुनिया- इस सीजन में कहानी और भी गहरी होने वाली है। ये सीरीज अमेजन पर बुधवार यानी 17 दिसंबर पर रिलीज हो रही है।*

***द ग्रेट फ्लड** : कोरियन फिल्म 'द ग्रेट फ्लड' की, जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जहां कुदरत ने इंसान की बनाई हर व्यवस्था को तबाह कर दिया है। कहानी एक AI रिसर्चर अन्ना और उसके छोटे बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्लोबल बाढ़ के बाद पूरी पृथ्वी जलमग्न हो चुकी है और अब जिंदा रहने की जंग ऊंची इमारतों तक सिमट गई है। मां-बेटे का रिश्ता, तकनीक और इंसानी हौसले की यह कहानी भावनाओं और रोमांच से भरपूर है। साइंस-फिक्शन पसंद करने वालों के लिए यह फिल्म एक दमदार अनुभव साबित हो सकती है। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म 19 दिसंबर को स्ट्रीम हो रही है।*

# वो सुपरहिट गाना, जो बना हर आशिक की पहली पसंद

**मुंबई।** प्यार एक सुखद अहसास है। हर जवां दिल को पहले प्यार का अहसास 16-17 साल की उम्र में होता है। यह भी सच है कि पहला प्यार हमेशा अधूरा रह जाता है। प्यार की तड़प को गीतकार समीर ने समझा और फिल्म की सिचुएशन के हिसाब से गाने का रूप दिया। 1994 में ऐसी ही एक फिल्म दिलवाले आई थी, जिसमें अजय देवगन-रवीना टंडन और सुनील शेट्टी नजर आए थे। फिल्म का एक गाना 'जीता था जिसके लिए, जिसके लिए मरता था' आज भी हर टूटे दिल की पहली पसंद है। यह गाना गीतकार समीर ने लिखा था। म्यूजिक नदीम श्रवण का था। जब यह गाना रिलीज हुआ तो हर किसी ने अपने कलेजे में इस गीत का दर्द महसूस किया। गाने के बोल में दिल को चीरने वाले थे। कुमार सानू की आवाज और नदीम-श्रवण की धुन किसी की भी आंखों में आंसू ला देती है। हैरी बावेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी करण राजदान ने लिखी थी। इस फिल्म के 55 लाख ऑडियो कैसेट बिके थे। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट थे। दिलवाले 2 करोड़ के बजट में बनी थी। मूवी ने वर्ल्ड वाइड 12 करोड़ का कलेक्शन किया था। यह एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी।



## आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं दर्शक

# गब्बर सिंह से रहमान डकैत तक पर्दे पर छाए ये खलनायक किरदार

*नई दिल्ली। भारतीय दर्शक फिल्मों के अंत में हमेशा एक विलेन को मरते या हारते हुए देखना चाहती है। सालों से यही फॉर्मूला हिट होता आया है लेकिन अब लगता है वक्त बदल रहा है। थिएटर्स में विलेन की एंट्री पर तालियां बज रही हैं, उसकी हिंसा दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। वहीं उसके डायलॉग मशहूर हो रहे हैं। इतना ही नहीं, विलेन पर फिल्माए गए गाने सोशल मीडिया पर आग की तरह फैलते हैं। हाल की बात करें तो धुरंधर में रहमान डकैत के रोल में नजर आने वाले अक्षय खन्ना भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। खासकर उन पर फिल्माया गया गाना और उनके द्वारा बोले गए डायलॉग इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। इससे साबित होता है दर्शक एक आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं भले ही उसका इरादा गलत हो।*

### रहमान डकैत (धुरंधर, अक्षय खन्ना)

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का पावरफुल किरदार निभाया है। इस फिल्म से अक्षय का डांस काफी वायरल हुआ और सोशल मीडिया पर इसने खूब चर्चा बटोरी। खास बात यह है कि इस डांस को अक्षय ने खुद कोरियोग्राफ किया और डायरेक्टर से इस पर थोड़ा सा डांस करने की इजाजत उसी मूमेंट पर मांगी। कुछ ही सेकंड का यह डांस सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। फिल्म में रणवीर सिंह ने लीड रोल प्ले किया है और अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का। अक्षय की बेहतरीन एक्टिंग और स्वैगी अवतार दर्शकों का दिल जीत रहा है।

**अलाउद्दीन खिलजी (पद्मावत, रणवीर सिंह)** : रणवीर सिंह ने पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी का किरदार प्ले किया था, फिल्म में उनकी पावरफुल एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता था। इस पीरियड ड्रामा में शाहिद कपूर ने लीड रोल प्ले किया था और दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती का। फिल्म से रणवीर सिंह का खली बली गाना काफी वायरल हुआ था वहीं उनके खतरनाक लुक ने भी काफी चर्चा बटोरी थी। पद्मावत 2018 में रिलीज हुई थी।



**राहुल मेहरा (डर, शाहरुख खान)** : 1993 की मशहूर फिल्म डर में शाहरुख खान ने जुनूनी, हकलाने वाले स्टॉकर राहुल मेहरा का किरदार निभाया था, जो इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में किरण (जूही चावला) को परेशान करता है और उसके मंगेतर सुनील (सनी देओल) से टकराता है। राहुल का किरदार, जो क-क-किरण कैचफ्रेज से मशहूर हुआ, बहुत बड़ा हिट हुआ था। इस फिल्म में शाह रुख हीरो से ज्यादा लाइमलाइट लूट कर ले गए थे।

**गब्बर सिंह (शोले, अमजद खान)** : 1975 में रिलीज हुई बॉलीवुड की कल्ट क्लासिक शोले में भी कुछ ऐसा ही हुआ जिसमें हीरो के साथ-साथ विलेन बने अमजद खान को भी उतनी ही शोहरत मिली। उनके डायलॉग और उनकी स्क्रीन प्रेजेंस आज 50 साल बाद भी दर्शकों का दिल जीत रही है।

### अबरार हक (एनिमल, रणबीर कपूर)

एनिमल में रणबीर कपूर ने लीड रोल प्ले किया था वहीं बॉबी देओल ने खतरनाक विलेन अबरार हक का। हालांकि फिल्म में बॉबी का एक भी डायलॉग नहीं हैं लेकिन उनकी पावरफुल एक्टिंग ने ही उनके किरदार में जान फूंक दी। फिल्म से बॉबी का जमाल कुडू डांस काफी वायरल हुआ था।

### राकेश महदकर (एक विलेन, रितेश देशमुख)

सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख स्टारर एक विलेन एक साइकोलॉजिकल एक्शन थ्रिलर थी जिसमें रितेश ने राकेश नाम के एक साइको किलर का किरदार निभाया था। वह उन औरतों की जान लेता था जो अपनी बात मुखर तरीके से रखती थी। रितेश ने इस किरदार को इतने शानदार तरीके से निभाया था कि दर्शक उनके दीवाने हो गए। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

खबर संक्षेप

### तमनार खण्ड में विशाल हिंदू सम्मेलन

**तमनार।** तमनार खण्ड में हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा 14 दिसम्बर को हाई स्कूल मैदान में विशाल हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर 9 कुंडिय गायत्री यज्ञ किया गया। हिन्दू सम्मेलन में दूर दराज से हजारों की संख्या में हिन्दू समाज, आरएसएस, गायत्री परिवार के महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य जोर हिंदू एकता पर रहा। संतों और समाज के विभिन्न वर्गों ने भारतीय परंपरा की एकता और संगठनात्मक शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। मुख्य अतिथि रामप्रिय दास महाराज ने अपने संबोधन में भारत माता की महत्ता, नामकरण, हिंदू समाज की एकजुटता को भारत के विकास की दिशा बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की जड़ें ऋषि परंपरा में निहित हैं, जहां संस्कार, आदर्श और मूल्य व्यक्ति को रूढ़ियों से मुक्त कर राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। समाज की एकजुटता ही भारत के गौरव और विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सह प्रांत कार्यवाहक गोपाल यादव ने सनातनी भारत माता को परमवैभव के शिखर पर ले जाने के उद्देश्य से समग्र हिन्दू समाज को संगठित करते हैं, संगठित हिन्दू शक्ति का जागरण समाज में नयी ऊर्जा, चेतना एवं आध्यत्मिक शक्ति का जागरण करता है। बता दें कि समग्र हिन्दू समाज के लिए एक स्थान पर एकत्र आने का एवं राम राज्य के स्थापना के संकल्प की सिद्धी करने का उत्सव हिन्दू सम्मेलन 2025 के रूप में मनाया जा रहा है।

### कलेक्टर ने निजी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक विक्रय पर दिखाई सख्ती

**रायगढ़।** जिले में निजी विद्यालयों द्वारा पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश के विक्रय तथा विद्यार्थियों को किसी विशेष दुकान से खरीदने के लिए बाध्य किए जाने की शिकायतों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। इस संबंध में उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी विद्यालय परिसर में पाठ्य पुस्तकों अथवा गणवेश का विक्रय नहीं किया जाएगा और न ही विद्यार्थियों अथवा उनके अभिभावकों को किसी निर्धारित दुकान से सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव ने जानकारी दी कि जिला मुख्यालय में संचालित कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल तथा विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल रायगढ़ के प्राचार्यो को आगामी शैक्षणिक सत्र से अनिवार्य रूप से एनसीसीईआरटी एससीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों से ही अध्यापन कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही सभी संबंधित विद्यालयों को यह भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि विद्यालय प्रांगण में किसी भी प्रकार की पाठ्य पुस्तक अथवा गणवेश की बिक्री नहीं की जाएगी तथा बच्चों को किसी दुकान विशेष से खरीदारी के लिए विवश नहीं किया जाएगा।

### आईजीएच परिसर से चोरी हुई स्कूटी बरामद

**राउरकेला।** ओडिशा पुलिस राउरकेला ने सेक्टर 19 में दर्ज एक चोरी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को कोएलनगर निवासी प्रणब किशोर स्वैन 51 वर्ष पिता पितांबर स्वैन, थाना झिरपानी, राउरकेला, ने सेक्टर 19 थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर 2025 की रात लगभग 9.30 बजे वे अपने एक रिश्तेदार मरीज से मिलने इस्पात जनरल हॉस्पिटल आईजीएच सेक्टर 19 गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी नं. ओआर 14 क्यू 2154 आईजीएच के आईसीयू के पास पार्क की थी। रात करीब 11 बजे लौटने पर स्कूटी वहां नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चलाए जिससे उन्हें चोरी की आशंका हुई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोनू अहिरवाल 25 वर्ष पिता स्व. जोहर अहिरवाल, निवासी शक्तिनगर, बिरजटोली, थाना सेक्टर 3, राउरकेला, जिला सुंदरगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

गांव में लाउड स्पीकर, पोस्टर के माध्यम से चलाया गया जनजागरूकता अभियान

# ग्राम पंचायत टांगरघाट में घर-घर कचरा संग्रहण से स्वच्छता की सफल पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत टांगरघाट में स्वच्छता के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय और प्रेरणादायक परिवर्तन देखने को मिला है। लंबे समय तक गांव में कचरा निस्तारण की कोई सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण घरों का कचरा खुले स्थानों, सड़कों के किनारे और नालियों में फेंक देते थे। इससे गांव का वातावरण प्रदूषित रहता था, दुर्गंध फैलती थी, मच्छरों की संख्या बढ़ रही थी और जलभराव जैसी समस्याएं आम थीं, जो स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रही थीं। इन परिस्थितियों को देखते हुए ग्राम पंचायत टांगरघाट ने स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए घर घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था प्रारंभ की। इस पहल में महिला स्व.सहायता समूह सुख शान्ति वैभव लक्ष्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समूह की सक्रिय सदस्य श्रीमती सुशीला चौहान एवं साथी रथकुंवर द्वारा ग्रामीण परिवारों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने के लिए लगातार प्रेरित किया गया। साथ ही सफाई मित्रों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर नियमित रूप से कचरा उठाव सुनिश्चित किया गया।

**खास बातें**

- कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए निर्धारित स्थल का किया गया निर्माण एवं उपयोग
- गांव का स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनने से पंचायत पर ग्रामीणों का बढ़ा विश्वास

गांव में माइकिंग, पोस्टर, ग्राम सभा एवं मोहल्ला बैठकों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए निर्धारित स्थल का निर्माण एवं उपयोग किया गया, जिससे कचरा प्रबंधन व्यवस्थित रूप से होने लगा। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत ग्राम की गलियों में नालियों का निर्माण कराया गया तथा गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत के सभी सामुदायिक हैंडपंपों एवं नलों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर सोकपीट का निर्माण किया गया, जिससे जलभराव की समस्या में उल्लेखनीय कमी आई। स्वच्छता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए नारा लेखन, दीवार लेखन एवं प्रचार प्रसार किया गया। इन सतत प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि आज ग्राम पंचायत टांगरघाट की सड़कों, गलियों और मोहल्लों में साफ सफाई स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। मच्छरजनित बीमारियों का खतरा कम हुआ है, गांव का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बना है तथा पंचायत पर ग्रामीणों का विश्वास और सहभागिता बढ़ी है।

ग्रामीणों की प्रतिक्रिया भी अत्यंत सकारात्मक रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले गांव में हर जगह कचरा फैला रहता था, लेकिन अब रोज घर से कचरा उठाए जाने से पूरा माहौल साफ और सुहावना हो गया है। स्वच्छता से जुड़ी इस व्यवस्था ने गांव की पहचान बदल दी है और टांगरघाट अब एक स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक ग्राम के रूप में उभर रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छाग्राही दीदियों को शिविर कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाता है तथा समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। इससे स्वच्छता कार्य से जुड़े लोगों का उत्साह बढ़ा है और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच तीरथ प्रसाद राठिया, सचिव प्रभात कुमार मिश्रा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा ग्राम सभा में स्वच्छता से संबंधित प्रस्ताव पारित कर गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया है। आज ग्राम पंचायत टांगरघाट की यह पहल न केवल स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण बन चुकी है, बल्कि यह दर्शाती है कि जब पंचायत, स्व सहायता समूह और ग्रामीण मिलकर कार्य करते हैं, तो सतत विकास और स्वच्छ ग्राम का सपना साकार किया जा सकता है।



## उचित मूल्य दुकान में गंभीर अनियमितताओं का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत सलिहा पंचायत के ग्राम मलुहा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 522007128, जो जय माँ समलाई दाई स्व सहायता समूह के नाम से संचालित है, उस पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इस संबंध में ग्राम के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ को लिखित शिकायत सौंपकर जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में बताया गया है कि दुकान की अध्यक्ष श्रीमती शांति बाई डडसेना हैं, जबकि उनके पति संतकुमार डडसेना वास्तविक रूप से संचालन कर रहे हैं। आरोप है कि संचालक द्वारा वर्षों से पलायन कर चुके हितग्राहियों एवं मृत व्यक्तियों के नाम से ऑफलाइन राशन निकासी की जा रही है। साथ ही, प्रत्येक कार्डधारी से प्रतिमाह 3 रुपए अतिरिक्त राशि वसूली का आरोप भी लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उचित मूल्य दुकान अनियमित समय पर खोली जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब ग्रामीणों ने इन अनियमितताओं का विरोध किया तो संचालक द्वारा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि संचालक खुलेआम अधिकारियों को कमीशन देने का दावा करते हुए मनमानी करता है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दुकान के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस पूरे मामले में लोकनाथ पटेल पंच एवं घनश्याम श्रीवास, वार्ड क्रमांक 18, ग्राम मलुहा ने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित समिति को तत्काल हटाकर ग्राम पंचायत या किसी अन्य सक्षम समिति को दुकान संचालन की अनुमति दी जाए, ताकि ग्रामीणों को बिना परेशानी राशन मिल सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर कब और क्या कार्रवाई करता है।

## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**सरिया।** नगर पंचायत परिसर में चल रही भागवत कथा मंगलवार को संपन्न हो गई। कथा समापन अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन नगर वासियों की ओर से किया गया था।



कथा व्यास पंडित सलिल कृष्ण गुरू ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताइए। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। पंडित सलिल कृष्ण गुरु ने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ.साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। और विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक सलिल कृष्ण गुरु महाराज ने कहा कि जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। नगर पंचायत परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के सातवें दिन कृष्ण सुदामा प्रसंग पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होंने कृष्ण सुदामा के प्रेम को जीवन में आत्मसात करने व समाज में आपसी भाईचारा एवं प्रेम के साथ रहने का ही सीख देता है। इस प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने कृष्ण सुदामा चरित्र पर महाराज जी द्वारा बताए प्रसंग को जीवन में धारण करने का संकल्प लिए। कथा समापन के बाद 16 दिसंबर मंगलवार को विधि विधान से पूजा के बाद दोपहर भंडारा कराया गया। जिसमें नगर सहित आसपास ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारा में शामिल होकर पुण्य कमाया। बता दे की कथा व्यास पंडित सलिल कृष्ण महाराज सरिया निवासी गुरु परिवार के हैं। तथा उन्होंने खैरागढ़ व वृंदावन धाम से भागवत कथा की पढ़ाई कर अंचल में सुमधुर संगीतमय आध्यात्मिक दिव्य प्रवचन देकर समाज को जागरुक कर रहे हैं। 30 वर्षीय कथा व्यास के ओजस्वी पूर्ण प्रवचन से मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण किए हैं। भागवत कथा में यजमान के रूप में शामिल हुए गौरी शंकर विश्वाल, गणेश सिंगल, प्रफुल्ल शर्मा, मिनकेतन प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से शामिल थे।

### डीएम व एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

**सुंदरगढ़।** बड़गांव ब्लॉक परिसर में जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त जन शिकायत सुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती अमृतपाल कौर स्वयं उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जन शिकायत सुनवाई में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 37 व्यक्तिगत तथा 39 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं, जबकि शेष आवेदन विभिन्न अन्य श्रेणियों से संबंधित रहे। प्रशासन की तत्परता के चलते इनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित समाधान कर दिया गया, जिससे शिकायतकर्ताओं को तत्काल राहत मिली। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए 13 आवेदन भी प्राप्त किए गए, जिनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस जन शिकायत सुनवाई में जिला परिषद के मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी सुरंजन साहू, उप जिलाधिकारी तेजस्विनी बेहेरा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### नितिन के छग सह प्रभारी रहते तीन चुनावों में मिली ऐतिहासिक जीत : अरुण धर दीवान



- नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित

**रायगढ़।** नितिन नबीन को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा छग के प्रभारी एवं सह प्रभारी रहते हुए नितिन नवीन जी के नेतृत्व में 2023 के विधान सभा 2024 के लोकसभा 2025 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली। उन्हें कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। विधान सभा चुनाव के दौरान उनके सान्निध्य का जिक्र करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले भर में पार्टी कार्यकताओं की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। अरुण धर दीवान में जिला भाजपा की ओर से केंद्रीय नेतृत्व के प्रति इस कदम हेतु आभार भी जताया है। नितिन नवीन की अदभुत संगठन क्षमता कौशल रणनीति का उल्लेख करते हुए कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के नितिन शिल्पकार रहे है। प्रदेश सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी और प्रदेश प्रभारी रहते हुए उन्होंने प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं को चुनाव पूर्व उत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय स्तर पर अब उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। चुनाव पूर्व जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को उत्साहित करने हेतु उन्होंने निरंतर संवाद किया और चुनाव पूर्व कार्यकताओं को तैयार किया।

### बिजली बिल बकाया मामले में कार्रवाई, काटे गए कनेक्शन

**जांजगीर-चांपा ।** विदुयत विभाग चाम्पा संभाग के द्वारा बकायादारो पर कार्यवाही करते हुए 4 दर्जन से अधिक उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे गए है। जिनसे करीब 22 लाख 50 हजार रूपए वसूल किया जाना है। । कार्यवाही को लेकर 8 टीमो का गठन किया गया है। गौरतलब है कि विद्युत मंडल कंपनी के द्वारा विदयुत उपभोक्ताओ पर बकाया वसुली को लेकर एक्शन मोड पर है। जिसके तहत सोमवार 15 दिसम्बर को विभाग के द्वारा चाम्पा संभाग मे कार्यवाही करते हुए चार दर्जन से अधिक उपभोक्ताओ के विदयुत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई है। इन उपभोक्ताओ से करीब 22 लाख रूपऐ की राशि वसुल किया जाना है। विदयुत कनेक्शन काटने एवं जुर्माना वसुल किए जाने को लेकर 8 टीमो का गठन विदयुत विभाग के द्वारा किया गया है। जिसके कारण बिजली बिल का जमा नही करने वाले उपभोक्ताओ में हडकंप मचा हुआ है। इन दिनो बडे पैमाने पर विदयुत विभाग के द्वारा विदयुत बकायादारो पर कार्यवाही को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व भी सक्ती जिले के नगर पंचायत जैजैपुर एवं जांजगीर चाम्पा जिले के नगर पालिका परिषद अकलतरा में अभियान चलाकर बडे पैमाने पर कार्यवाही की गई थी। के जिसके चलते इस तरह के बकायादारो में हडकंप मचा हुआ है। आने वाले दिनो में जांजगीर शहर में भी इस तरह का अभियान चलाकर बकायादारो के कनेक्शन काटने से लेकर जुर्माना वसुल करने की कार्यवाही की जाएगी।

## रेत के अवैध परिवहन में लगे 9 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खनिज अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे 09 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है।



जिला खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी ने बताया कि खनिज निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा एवं जांच दल द्वारा सतत निगरानी के दौरान यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि संबंधित वाहन बिना किसी वैध अनुमति के रेत का परिवहन कर रहे थे। मौके पर ही वाहनों का विधिवत जांच के बाद संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। सभी मामलों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के प्रावधानों तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाइयाँ लगातार जारी रहेंगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

## सेजेश बड़े भंडार में शाला सुरक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बड़े भंडार में शाला सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया।

उक्त प्रशिक्षण एनडीआरएफ मुख्यालय नई दिल्ली, राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के तत्वाधान में एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के निर्देशन में विद्यालय के प्राचार्य कुमुदिनी चौहान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण टीम टीपीएल भिलाई के सब इंस्पेक्टर विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल डीके यादवख, कांस्टेबल एसएस दास, कांस्टेबल राजेश महतो एवं कांस्टेबल राजू द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भूमिका बताई गई। प्रशिक्षण टीपीएल भिलाई के विशेषज्ञ टीम द्वारा शिक्षकों तथा



विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में निपटाने की क्षमता को विकसित करने के लिए व्यावहारिक जानकारी प्रदान किया गया। आपदा प्रबंधन बल की भूमिका दुर्घटना के दौरान रक्त स्त्राव नियंत्रण, चोटों का उपचार, हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक स्थिरता के लिए प्रयास, घायल मरीजों को उठाने में सावधानियां बाढ़ के समय तैरने के लिए उपलब्ध प्लास्टिक बॉटल डब्बे आदि का सहारा उपकरण तैयार करना, सर्व दंश, बिच्छू दंश में सावधानियां एवं आवश्यक उपचार, आकाशीय बिजली से सुरक्षा और अपरिहार्य स्थिति में स्ट्रेक्चर निर्माण, अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग, हार्ट अटैक जैसी स्थिति में प्राथमिक सावधानियां छोटे बच्चों के गले में फंसने वाले सिक्के रैपर या अन्य चीजों में प्राथमिक बचाव के उपाय आदि के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। अंत में बच्चों को चॉकलेट और विद्यालय के लिए फर्स्ट एड किट प्राचार्य को प्रदान किया। वहीं शिक्षक-शिक्षकों से एवं बच्चों से आपातकाल में सावधानियां बरतने के लिए और हर हाल में आत्मबल बनाए रखने के लिए आवाहन किया। विद्यालय के व्याख्याता सुरेंद्र चौहान द्वारा प्रशिक्षण टीम को आभार व्यक्त किया।

रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से 10 ब्लॉकों के व्याख्याता हुए शामिल

# शिक्षा शास्त्र पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ में हायर सेकेंडरी स्कूलों के व्याख्याताओं का ब्लूप्रिंट प्रश्न निर्माण एवं शिक्षा शास्त्र पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राचार्य अनिल पैंकरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षण के आवश्यकता, उद्देश्य, और वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व को विस्तार से बताया।

उपरोक्त प्रशिक्षण में रायगढ़ जिले एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दस विकासखंड से हिंदी, संस्कृत भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान के एक एक व्याख्याता सम्मिलित हुए। उपरोक्त प्रशिक्षण के डी आर हेमचंद गढ़तिया, व्याख्याता भौतिक नैमिष पाणिग्रही, व्याख्याता रसायन शास्त्र, दिलीप पांडे, व्याख्याता विज्ञान एवं डॉ. दिलेश्वर पटेल व्याख्याता संस्कृत रहे।




डीआरजी के द्वारा शिक्षण शास्त्र के साथ साथ ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र निर्माण जिनके अंतर्गत ज्ञानात्मक, बोधात्मक, अनुप्रयोगात्मक विश्लेषणत्मक एवं रचनात्मक प्रश्नों का निर्माण कैसे किया जाता है एवं अंकों का संतुलित निर्धारण आदि पर विस्तार से बताया गया। साथ ही प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा एनईपीएएससीएफ आदि पर चर्चा परिचर्चा किया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा भारत की प्राचीन समृद्ध और सतत प्रवाहमान बौद्धिक, दार्शनिक, बैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत है, जिसमें आर्युवेद, योग, गणित, ज्योतिष, कला जैसे क्षेत्र शामिल है। प्रशिक्षण प्रभारी अनिल गवेल ने बताया कि आगामी चरण में 16 दिसम्बर से हायर सेकेंडरी के शेष विषय के ब्लूप्रिंट, प्रश्न निर्माण और शिक्षण शास्त्र का प्रशिक्षण होना है। प्रशिक्षित बीआरजी द्वारा अपने अपने विकासखंड में उक्त प्रशिक्षण सम्पन्न कराएंगे, जिससे जिले के व्याख्याताओं में ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न निर्माण की दक्षता, समझ में वृद्धि होगी। उपरोक्त प्रशिक्षण को संपन्न कराने में डाइट के अकादमिक और कार्यालय सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

